**हिन्दी प्रादेशिक समाचार**

**आकाशवाणी चंडीगढ़**

**(तिथि 25 अगस्त 2026, समय 13:05 (5 मिनट)**

**********************************************************************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने युवा राजनयिकों से अपनी तैनाती वाले देशों में ज़मीनी स्तर पर जुड़ाव को मज़बूत बनाने और स्थानीय समुदायों के साथ भारत के संबंधों को गहरा करने का आह्वान किया है। नई दिल्ली के सेवा तीर्थ में भारतीय विदेश सेवा-आईएफएस के 2025 बैच के प्रशिक्षु अधिकारियों से बातचीत में श्री मोदी ने प्रशिक्षु अधिकारियों को पारंपरिक राजनयिक दायरों से आगे बढ़कर अपने नेटवर्क का विस्तार करने और लोगों के साथ जुड़ाव को गहरा करने के लिए प्रोत्साहित किया।

*****************************************************************************

केंद्र सरकार ने गेहूं के आटे और संबंधित उत्पादों पर लगे निर्यात प्रतिबंध हटा दिए हैं, जिससे आटा, मैदा, सूजी और अन्य गेहूं आधारित उत्पादों के विदेशी निर्यात का रास्ता खुल गया है। विदेश व्यापार महानिदेशालय द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार, सरकार ने गेहूं के आटे और संबंधित उत्पादों के लिए निर्यात नीति में तत्काल प्रभाव से संशोधन किया है। महानिदेशालय द्वारा जारी अधिसूचना में, सरकार ने कुछ विशेष श्रेणियों के गेहूं और ड्यूरम गेहूं के निर्यात को प्रतिबंधित से मुक्त घोषित कर दिया है।

**********************************************************************

यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस -यूपीआई ने दस वर्ष पूरे कर लिए हैं। यह भारत के डिजिटल भुगतान तंत्र की रीढ़ बन गया है। 25 अगस्त 2016 को शुरू हुए यूपीआई के लेनदेन की संख्या में लगभग 13 हजार गुना वृद्धि हुई है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि एक दशक पहले यूपीआई की शुरुआत हुई थी और यह भारत की डिजिटल पेमेंट यात्रा में अब तक का सबसे निर्णायक फैसला साबित हुआ है। यूपीआई के व्यापक पैमाने और पहुंच पर हर भारतीय को गर्व होना चाहिए। उन्होंने देशवासियों से यूपीआई के साथ अपने अनुभव साझा करने को कहा।

**********************************************************************

हरियाणा के श्रम मंत्री अनिल विज ने कहा कि अंबाला छावनी में कर्मचारी राज्य बीमा निगम ई एस आई सी द्वारा 100 बिस्तरों के अत्याधुनिक अस्पताल का निर्माण शीघ्र किया जाएगा। अस्पताल के लिए भूमि उपलब्ध करवाने के लिए केंद्र सरकार द्वारा लगभग 13 करोड़ रुपये की राशि स्वीकृत की गई है।

श्री अनिल विज ने कल चंडीगढ़ में ईएसआईसी, श्रम विभाग तथा हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण के अधिकारियों के साथ अंबाला छावनी में प्रस्तावित इस अस्पताल की स्थापना को लेकर समीक्षा बैठक के बाद यह जानकारी दी।

उन्होंने कहा कि अस्पताल के लिए हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण के सेक्टर-33 में 5 एकड़ 28 मरले से अधिक भूमि की रजिस्ट्री जल्द की जाएगी तथा इसके बाद भूमि का कब्जा भी शीघ्र ईएसआईसी को सौंप दिया जाएगा।

उन्होंने कहा कि अस्पताल के निर्माण से अंबाला सहित आसपास के क्षेत्रों और समीपवर्ती जिलों के लगभग 70 हजार बीमाकृत श्रमिकों एवं उनके परिवारों को बेहतर और आधुनिक स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध होंगी।

उन्होंने कहा कि अधिकारियों को अस्पताल के निर्माण से जुड़ी सभी औपचारिकताएं जल्द पूरी करने के निर्देश दिए गए हैं।

श्री अनिल विज ने बताया कि अंबाला छावनी में बनने वाले ईएसआईसी अस्पताल की चारदीवारी का निर्माण कार्य भी जल्द शुरू किया जाएगा। इसके साथ ही अस्पताल भवन का नक्शा तैयार करने की प्रक्रिया शीघ्र पूरी कर निविदाएं आमंत्रित की जाएंगी, ताकि निर्माण कार्य को निर्धारित समय-सीमा में आगे बढ़ाया जा सके।

*********************************************************************

हरियाणा के केबिनेट मंत्री कृष्ण बेदी ने कहा है कि हरियाणा में सफाई कर्मचारियों की हड़ताल जल्द खत्म होगी। श्री कृष्ण बेदी कल फतेहाबाद में जिला कष्ट निवारण समिति की बैठक में लोगों की शिकायतों का निवारण करने के बाद मीडिया को संबोधित कर रहे थे ।उन्होंने बताया कि बैठक में 13 मामलों की सुनवाई
की गई और 9 मामलों का मौके पर निपटान किया गया।

श्री कृष्ण बेदी ने कहा कि हरियाणा में सफाई कर्मचारियों की हड़ताल एक या दो दिन में खत्म हो जाएगी। मुख्यमंत्री के साथ सफाई कर्मचारियों की जल्द वार्ता होगी और उसके बाद हड़ताल को खत्म करने का ऐलान हो सकता है।

उन्होंने कहा कि सफाई कर्मचारियों की 14 मांगों में से 13 मांगे सरकार ने मान ली है एक मांग पर कानूनी विशेषज्ञों की राय ली जा रही है।

*********************************************************************

पंजाब के राज्यपाल और चंडीगढ़ के प्रशासक गुलाब चंद कटारिया ने के इंडियास्किल्स प्रतियोगिता 2026-27 के पोस्टर का विमोचन किया। उन्होंने कहा कि इसका उद्देश्य चंडीगढ़ के कुशल और प्रतिभाशाली युवाओं में व्यापक जागरूकता पैदा करना और उनकी अधिकतम भागीदारी को प्रोत्साहित करना है।

प्रशासक ने युवाओं से प्रतियोगिता में उत्साहपूर्वक भाग लेने और राष्ट्रीय तथा अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करने के लिए कौशल प्रतियोगिताओं के माध्यम से मिलने वाले अवसरों का पूरा उपयोग करने का आग्रह किया।

*********************************************************************